


## भारत-श्रीलंका के टी-20 के लिए गुवाहाटी पहुंचने पर असमंजस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज सीरीज के बाद लंबा ब्रेक ले भारतीय टीम शनिवार से श्रीलंका के साथ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी करेगी। सीरीज का पहला मैच गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस शहर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है, ऐसे में बीसीसीआई और असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एसीए के अध्यक्ष रोमेन दत्ता ने हालांकि कहा है कि स्थिति नियंत्रण में है। दत्ता ने कहा कि पुलिस सुरक्षा की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है और सब कुछ नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, 'हां, पहले यहां विरोध प्रदर्शन हुआ था, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। हमने स्टेडियम और दोनों टीमों की सुरक्षा पुलिस को सौंप दी है और वह स्थिति पर नजर रखे हुए हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे।' एक हैरानी वाली बात यह है कि दत्ता के मुताबिक भारतीय टीम शुक्रवार सुबह आ रही है लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने इस बात की पुष्टि की है कि टीम गुरुवार रात को पहुंचेगी। दत्ता ने कहा, 'श्रीलंका की टीम आज चार बजे आ रही है और भारतीय टीम कल सुबह आएगी।' भारतीय टीम के एक सदस्य ने कहा, 'हम आज रात गुवाहाटी पहुंच रहे हैं।' नए साल में यह भारत की पहली सीरीज है, जिसके साथ वह इसी साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियां करनी चाहेगी।

# स्टार हॉकी खिलाड़ी सुनीता ने 28 की उम्र में लिया संन्यास

### घुटने की चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की

**हॉकी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर सुनीता लाकड़ा ने गुरुवार को घुटने की चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की। वह 2018 के एशियाई खेलों में रजत मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें चोट के कारण दोबारा घुटने की सर्जरी करानी पड़ेगी। इस तरह 28 साल की खिलाड़ी का तोक्यो ओलिंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का सपना टूट गया।

हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान के अनुसार उन्होंने कहा, 'आज मेरे लिए बहुत भावुक दिन है क्योंकि मैंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने का फैसला किया है।' सुनीता ने 2008 से टीम से जुड़ने के बाद 2018 की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी



के दौरान भारत की कप्तानी की जिसमें टीम दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने भारत के लिए 139 मैच खेले और वह 2014 के एशियाई खेलों की ब्रॉन्ज मेडल विजेता टीम का भी हिस्सा रहीं।

उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली रही कि 2016 में रियो ओलिंपिक में खेल सकी जिसमें तीन दशक में पहली बार भारतीय महिला टीम ने शिरकत की। लेकिन घुटने की चोटों ने तोक्यो ओलिंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने का मेरा सपना तोड़ दिया।' सुनीता ने कहा, 'डाक्टरों ने मुझे कहा कि मुझे इसके लिए आगामी दिनों में एक और सर्जरी करानी होगी। मुझे नहीं पता कि पूरी तरह उबरने में कितना समय लगेगा।'

उन्होंने कहा कि सर्जरी से उबरने के बाद वह घरेलू हॉकी में खेलना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, 'मेरे उपचार के बाद मैं घरेलू हॉकी खेलूंगी। नाल्को के लिए खेलूंगी जिन्होंने नौकरी देकर मेरे करियर में बहुत मदद की।' सुनीता ने परिवार के साथ टीम के साथियों, हॉकी इंडिया और मुख्य कोच शोर्ड मारिने का शुक्रिया अदा किया।

भारतीय कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि सुनीता लाकड़ा की काफी कमी खलेगी। उन्होंने ट्वीट किया, 'सुनीता लाकड़ा शानदार करियर के लिए बधाई। मैदान पर और ड्रेसिंग रूम में एक दशक से ज्यादा समय में हमने तुम्हारे साथ जो बेहतरीन पल साझा किए हैं, उनकी कमी निश्चित रूप से खलेगी। जल्द ही आपके उबरने की प्रार्थना करती हूं, भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

# कोहली की अगुआई में आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीत सकता है भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीतने में सक्षम है। इस 50 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत सभी टीमों के निशाने पर होता है। लारा ने कहा, 'मेरा मानना है कि वे सभी टूर्नामेंट को जीतने में सक्षम हैं। मुझे लगता है विराट कोहली और उनके साथियों तथा भारतीय टीम की इस चीज के लिए सराहना करनी चाहिए कि सभी के निशाने पर भारत होता है।'

उन्होंने कहा, 'हर किसी को पता होता है कि किसी मोड़ पर एक टीम को भारत के खिलाफ




महत्वपूर्ण मैच खेलना है। यह क्वॉर्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल हो सकता है।' कोहली की अगुआई में भारतीय टीम ने टेस्ट और वनडे में नई ऊंचाईयां हासिल की हैं लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट जीतने में नाकाम रही है। भारतीय टीम ने आखिरी बाद 2013 में आईसीसी टूर्नामेंट जीता था जब महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने इंग्लैंड में खिताब जीता था। विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक लारा का इंग्लैंड के खिलाफ 15 साल पहले बनाया गया नाबाद 400 रन का स्कोर टेस्ट क्रिकेट में आज भी सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। लेकिन लारा को लगता है कि कोहली, डेविड वॉर्नर और रोहित शर्मा उनके रेकॉर्ड को तोड़ने की क्षमता रखते हैं।

लारा ने कहा, 'स्टीव स्मिथ के लिए ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए रेकॉर्ड तक पहुंचना मुश्किल होगा। वह बेहतरीन खिलाड़ी है लेकिन वह दबदबा नहीं बना पाता। डेविड वॉर्नर जैसा खिलाड़ी ऐसा करता है।' उन्होंने कहा, 'विराट कोहली जैसा खिलाड़ी को शुरू में ही मौका मिल जाता है और जल्दी लय पकड़ लेता है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी है। रोहित शर्मा किसी दिन जब लय में हो। इसलिए ये ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऐसा कर सकते हैं।'

## एनसीए को जल्द मिलेगा मेडिकल पैनल और सोशल मीडिया विशेषज्ञ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों की चोटों से निपटने में असफलता के कारण हाल में आलोचना का शिकार होने वाली राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी को जल्द ही बीसीसीआई मेडिकल पैनल की मदद मिलेगी। साथ ही एनसीए में सोशल मीडिया विभाग भी बनाया जाएगा। एनसीए की हालिया बैठक में मेडिकल पैनल की जरूरत पर चर्चा की गई, जिसमें अध्यक्ष सौरभ गांगुली और एनसीए क्रिकेट प्रमुख राहुल द्रविड़ सहित बीसीसीआई के अधिकारियों ने शिरकत की।

भारत के शीर्ष खिलाड़ियों ऋद्धिमान साहा और हाल में भुवनेश्वर कुमार के चोट प्रबंधन के लिए एनसीए की काफी आलोचना हुई थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी बेंगलुरु के बजाए निजी रिहैबिलिटेशन कराया, जिसने एनसीए की परेशानियों को बढ़ा दिया। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई अपना मेडिकल पैनल बनाने के लिए लंदन में स्थित क्लिनिक फोरटियस की सलाह लेगा। लंबे समय से खाली श्तेज गेंदबाज प्रमुखश पद पर जल्द ही नियुक्ति की जाएगी जिस पर एनसीए में तेज गेंदबाजी कार्यक्रम गठित करने की जिम्मेदारी होगी।

## न्यूज डायरी



### हार्दिक पंड्या-नताशा स्टानकोविक की सगाई, ऐसा था कोहली का रिऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने नए साल पर अचानक सगाई करके सबको हैरत में डाल दिया। उनके फैंस के साथ-साथ यह खबर टीम के कप्तान विराट कोहली के लिए भी चौंकाने वाली थी। कोहली ने सोशल मीडिया पर ऐसा रिऐक्शन दिया है, जिससे लगता है कि उन्हें भी इसके बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। बता दें कि हार्दिक पंड्या ने मॉडल नताशा स्टानकोविक से दुबई में सगाई की। इस बीच विराट कोहली स्विट्जरलैंड में थे। वे वहां पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ छुट्टियां मना रहे थे। हार्दिक पंड्या ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नताशा संग फोटो शेयर कर सगाई की जानकारी दी थी। इस फोटो पर विराट कोहली का भी कॉमेंट आया। विराट ने लिखा, श्बधाई हो एच, यह तो शानदार सरप्राइज है। तुम दोनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

### अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने से भारतीय युवा मुक्केबाजों को आगे बढ़ने में मदद मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाजी कोच मोहम्मद अली कमर का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने से भारत के युवा मुक्केबाजों को एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर बनने में मदद मिली। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले मुक्केबाज कमर ने कहा, ''अब युवा मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिलता है और वे इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में कई नये मुक्केबाज उभर कर सामने आये हैं। '' कमर ने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी प्रबंधन उम्मीद कर रहा है कि तोक्यो खेलों के लिये और अधिक मुक्केबाज क्वालीफाई करने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, ''हम उम्मीद कर रहे हैं कि तोक्यो ओलंपिक में अधिक मुक्केबाज जगह बनाएंगे। हमने विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए हमें इस साल ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। ''

### सुशील के वर्ग 74 किग्रा में ट्रायल्स स्थगित नहीं होगाः डब्ल्यूएफआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। चोटिल सुशील कुमार के पुरुषों के 74 किग्रा फ्रीस्टाइल के ट्रायल्स टालने के आग्रह के बावजूद भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने इस वर्ग के ट्रायल्स भी पूर्व कार्यक्रम के अनुसार करवाने का फैसला किया है। इस स्टार पहलवान को हालांकि मार्च में तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का मौका मिल सकता है। अपने करियर को पुनर्जीवित करने के लिये संघर्षरत सुशील हाथ में चोट के कारण शुक्रवार को होने वाले ट्रायल्स से हट गये हैं और उन्होंने अपने वर्ग के ट्रायल्स को टालने का आग्रह किया। ट्रायल्स का विजेता रोम में 15 से 18 जनवरी के बीच होने वाले पहले रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट , नयी दिल्ली में 18 से 23 फरवरी के बीच होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और चीन के झियान में 27 से 29 मार्च के बीच होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम में जगह मिलेगी।

### कई बार आप जीतते हैं तो कई बार सीखते हैंः विजेंदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। राजनीति की रिंग में कैरियर की नयी पारी का पदार्पण कर चुके विजेंदर सिंह पिछले पांच साल में पेशेवर मुक्केबाजी का कोई भी मुकाबला नहीं हारे और अब विश्व खिताब के साथ इस लय को कायम रखना चाहते हैं। भारत को मुक्केबाजी और विश्व चौम्पियनशिप में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले विजेंदर का पेशेवर सर्किट पर 12 . 0 का रिकार्ड है। उन्होंने प्रेस ट्रस्ट से कहा ,'' अब मेरी सारी तैयारी विश्व खिताब की है। मैं इस साल तीन चार मुकाबले लड़ूंगा जिनमें विश्व खिताब बड़ा है। हम कोशिश कर रहे हैं कि यह मुकाबला भारत में हो।'' अमेरिका में टाप रैंक प्रमोशंस और भारत में इंफिनिटी आप्टिमल सोल्यूशंस बाक्सिंग प्रमोशंस उनका प्रबंधन देख रहा है। उन्होंने नवंबर 2019 में घाना के पूर्व राष्ट्रमंडल चैम्पियन चार्ल्स अदामू को एकतरफा मुकाबले में हराया था।